आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त मंत्रालय चौवन उत्पादों की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रहा है।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नवरात्रि सीज़न के दौरान वाहनों की बिक्री में भारी वृद्धि हुई है।
- वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से दक्षिण अंडमान में तीन निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- पर्यटन निदेशालय की ओर से तीन दिवसीय 'खगोल पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त मंत्रालय चौवन उत्पादों की कीमतों पर कड़ी नज़र रख रहा है, ताकि संशोधित जीएसटी का लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी का लाभ सभी चौवन वस्तुओं पर पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। वह कल नई दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि इन जीएसटी सुधारों का कार्यान्वयन लोगों को अधिक लाभ पहुँचाने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद के बीच सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि दरों में कमी, प्रक्रिया को सरल बनाना, स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करना और वर्गीकरण संबंधी मुद्दों का समाधान समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को एक बड़ा बढ़ावा दिया है, जिससे त्योहारी सीज़न के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है।

<><><><><><><>

जीएसटी बचत उत्सव पर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नवरात्रि सीज़न के दौरान वाहनों की बिक्री में भारी वृद्धि हुई है और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने भी सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। श्री गोयल ने जीएसटी सुधारों को हर घर के लिए राहत और समृद्धि का दोहरा धमाका बताया।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो ने कल कहा कि दो हजार उन्नीस में प्रक्षेपित चंद्रयान–2 मिशन ने अपने वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके चंद्रमा पर सूर्य के कोरोनल मास इजेक्शन – सीएमई के प्रभावों का पहला अवलोकन किया है। इसरो ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्र बाह्यमंडल, चंद्रमा के पतले वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष के मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इसरो ने कहा है कि चंद्रयान–2 पर मौजूद पेलोडों में से एक, चंद्रा के एटमॉस्फेरिक कंपोज़िशनल एक्सप्लोरर 2 ने सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास के चंद्र बहिर्मंडल पर पड़ने वाले प्रभावों को रिकॉर्ड किया है। चंद्रा के एटमॉस्फेरिक कंपोज़िशनल एक्सप्लोरर 2 पेलोड का प्राथमिक उद्देश्य चंद्र के तटस्थ बहिर्मंडल की संरचना और वितरण तथा उसकी परिवर्तनशीलता का अध्ययन करना है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी के आदेश का अनुपालन करते हुए प्रशासन ने दीपावली के दौरान पटाखे फोड़ने के कारण होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके लिए पटाखे फोड़ने का समय केवल दो घंटे तक सीमित कर दिया गया है। निर्देशों के अनुसार, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति दीपावली त्योहार के लिए वायु और ध्वनि स्तर की अल्पकालिक निगरानी कर रही है। निगरानी कार्यक्रम केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली के प्रोटोकॉल के अनुरूप है। ए एन पी सी सी ने अबरडीन बाज़ार, डॉलीगंज और छोलदारी क्षेत्र में तीन निगरानी केंद्र स्थापित किए हैं। ये केंद्र 15 दिनों कार्य करेगा, जो सत्ताईस अक्टूबर तक जारी रहेगा। निगरानी अवधि के दौरान दर्ज किए गए आंकड़ों के आधार पर, प्रत्येक स्थान के लिए AQI की गणना की जाएगी।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने ओपन स्पेस फाउंडेशन और सी–एस टी ई आर सी के सहयोग से 'तारों के अवलोकन एवं खगोल पर्यटन के मूल सिद्धांतों पर प्रशिक्षण कार्यशाला' विषय पर तीन दिवसीय 'खगोल पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम' कल से शुरू किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन पर्यटन निदेशक विनायक चमड़िया ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री विजयपुरम और स्वराज द्वीप से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह द्वीपसमूह में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य खगोल पर्यटन को एक स्थायी पर्यटन और विकास मॉडल के रूप में बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में, पर्यटन निदेशक ने कहा कि खगोल पर्यटन एक विशिष्ट और बढ़ता हुआ क्षेत्र है और द्वीपसमूह में इसकी अपार संभावनाएँ हैं।

उन्होंने बताया कि द्वीपसमूह के लिए एक 'खगोलीय पर्यटन नीति' तैयार की गई है और युवाओं व अन्य हितधारकों को शामिल करते हुए एक खगोलीय पर्यटन समुदाय बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि द्वीपसमूह अंतरिक्ष प्रेमियों और पर्यटकों दोनों के लिए एक अनूठा गंतव्य बन सके। वर्तमान में, दक्षिण अंडमान में स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और बिडनाबाद तथा चिड़ियाटापू की खगोलीय पर्यटन स्थलों के रूप में पहचान की गई है। सत्र के दौरान खगोल विज्ञान के मूल सिद्धांत, दूरबीन संचालन और अवलोकन तकनीक, नक्षत्र मानचित्रण, डार्क स्काई जागरूकता और खगोल पर्यटन नीति ढाँचे सहित कई विषयों पर चर्चा की गई।

<><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के सहयोग से कल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, स्कूल लाइन में एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और आम जनता के बीच सामाजिक एवं विधिक मुद्दों पर कानूनी जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों का संरक्षण और नशीली दवाओं के रोकथाम विषय पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालतों और विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

<><><><><><>

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत शिक्षक के पद के लिए साक्षात्कार तेईस अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शिक्षा सदन में आयोजित किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच बाईस अक्टूबर को सुबह 9 बजे से समाज कल्याण निदेशालय में आयोजित की जाएगी। अनुबंध के आधार पर शिक्षक के पद के लिए उम्मीदवारों की सूची विभाग की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा मामले विभाग के सहयोग से 24 और 25 अक्टूबर को वंडूर बीच पर बीच स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस, टीम वर्क और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। पर्यटन विभाग द्वारा प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। इच्छुक प्रतिभागी तेईस अक्टूबर को सुबह 10 बजे तक अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं। प्रतिभागियों से 24 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे तक वंडूर बीच पर पहुंचने को कहा गया है।